**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2613**

**जिसका उत्तर बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाएगा**

**भारत ब्रांड**

**2613. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बढती कीमतों को रोकने के लिए चना साबुत और मसूर दाल को शामिल करके भारत ब्रांड समूह का विस्तार किया है;

(ख) यदि हां, तो भारत ब्रांड के अंतर्गत लाई गई दालों, खाद्यान्नों आदि का ब्यौरा क्या है;

(ग) भारत ब्रांड के अंतर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक बेची गई विभिन्न वस्तुओं का उत्पाद-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली, ई-कॉमर्स मंचों आदि के माध्यम से भारत ब्रांड के अंतर्गत वस्तुओं की आपूर्ति करने की योजना बना रही है अथवा करने का विचार रखती है क्योंकि एनसीसीएफ, नेफेड और केन्द्रीय भंडार अनेक लोगों की पहुंच में नहीं है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): सरकार ने जुलाई 2023 में मूल्य स्थिरीकरण बफर से चना स्टॉक को चना दाल में परिवर्तित करके भारत दाल की शुरुआत की, जो 30 सितंबर, 2024 तक 1 किलोग्राम पैक के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 60 रुपये प्रति किलोग्राम और 30 किलोग्राम पैक के लिए 55 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपभोक्ताओं को खुदरा बिक्री के लिए उपलब्ध थी। भारत चना दाल को खुदरा बिक्री के लिए चना दाल और चना साबूत के रूप में क्रमशः 70 रुपये प्रति किलोग्राम और 58 रुपये प्रति किलोग्राम की एमआरपी पर 3 लाख टन अतिरिक्त चना स्टॉक आवंटित करके विस्तारित किया गया है। भारत ब्रांड का विस्तार मूंग और मसूर दाल तक भी किया गया है। मूंग के स्टॉक को भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री के लिए मूंग दाल (धुली) और मूंग साबुत में परिवर्तित कर दिया गया है, जिसकी एमआरपी क्रमशः 107 रुपये प्रति किलोग्राम और 93 रुपये प्रति किलोग्राम है। भारत मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेची जा रही है। आज तक कुल 12.35 लाख टन भारत चना दाल, 5,663.07 टन भारत मूंग दाल और 118 टन भारत मसूर दाल उपभोक्ताओं को बेची जा चुकी है।

सामान्य उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर आटा (गेहूं का आटा) और चावल उपलब्ध कराने के लिए क्रमशः 06.11.2023 और 06.02.2024 को भारत आटा और भारत चावल लॉन्च किए गए। प्रथम चरण के दौरान, भारत आटा और भारत चावल 30.06.2024 तक क्रमशः 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और 29 रुपये प्रति किलोग्राम की एमआरपी पर बेचे गए। दूसरे चरण में, इन उत्पादों को अब भारत आटा 30 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत चावल 34 रुपये प्रति किलोग्राम की एमआरपी पर बेचा जा रहा है। प्रथम चरण के दौरान 30.06.2024 तक कुल 15.20 लाख मीट्रिक टन भारत आटा और 14.58 लाख मीट्रिक टन भारत चावल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया। वर्तमान चरण-II में 2,952.25 मीट्रिक टन भारत आटा और 3,413.35 मीट्रिक टन भारत चावल सामान्य उपभोक्ताओं को बेचा गया है।

(घ) और (ङ): भारत ब्रांड के खाद्य पदार्थों का वितरण भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), केन्द्रीय भंडार और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ मर्यादित (एनसीसीएफ), ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं की अपनी खुदरा दुकानों और मोबाइल वैन के माध्यम से किया जाता है।

*******